आईआईएम की पाठशाला : विशेषज्ञों के सुझाव से निकला साय सरकार का नया विजन

सरकार का सर्विस सेक्टर, खनिज, पर्यटन व मैन्युफैक्चरिंग पर रहेगा जोर

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

रायपुर. छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके पूरे मंत्रिमंडल ने दो दिन तक आईआईएम में देश के जाने माने विशेषज्ञों की मदद से सरकार के विजन का खाका खींचा। विशेषज्ञों ने सरकार के कामकाज से लेकर आम जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कई अहम सुझाव दिया। आने वाले समय में इसका असर सरकार के कामकाज पर भी दिखाई देगा। विशेषज्ञों से मिले सुझाव के आधार पर सरकार अब शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, खनिज, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर, प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने की दिशा में काम करेगी। देश में संभवत: पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी चिंतन-शिविर में निर्वाचित

छत्तीसगढ़ भी बनेगा नम्बर वन

केंद्र सरकार ने विकसित भारत 2047 का रोड मैंप तैयार किया है। विशेषज्ञों ने साय मंत्रिमंडल के सामने इस रोड मैंप को साझा किया। इसमें मंत्रियों को बताया गया कि रोड मैंप को फालो करके भारत के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को भी नम्बर वन बनाया जा सकता है। केंद्र के लक्ष्य के मुताबिक केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर काम करना है। इस दौरान मुख्यमंत्री साय और मंत्रियों ने सुशासन व बेस्ट प्रैक्टिसेस के संबंध में विषय विशेषज्ञों के साथ अपने सुझाव साझा किए। साथ ही अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं।

जनप्रतिनिधियों ने राजनीतिक रणनीति के बजाय दायित्वों के निर्वहन के लिए रणनीति पर गहन मंथन किया है। शेष @ पेज 9

प्रदेश के विकास के लिए कारगार रहा चिंतन शिविर: सीएम

चिंतन शिविर के बाद मुख्यमंत्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ में खनिज और वन संपदा का भंडार है, यहां की मिट्टी उर्वरा शक्ति से भरपूर है। गुड गवर्नेंस के माध्यम से हम हमारे प्रदेश को विकास की दृष्टि से बहुत आगे ले जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प है, जिसमें छत्तीसगढ़ को भी हमें विकसित प्रदेश बनाना है। ये चिंतन शिविर विकसित छत्तीसगढ़ के हमारे विजन में बहुत ही क़ारगर साबित होगा।

कागज कलम लेकर बने छात्र

इस दो दिन के सत्र में सीएम सहित तमाम मंत्री छात्र बनाकर सीखते नजर आए। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, हमको अध्ययन जीवनभर करना चाहिए। मंत्रिमंडल के हम सदस्य स्कूल के बच्चों की तरह कलम और कागज-कॉपी लेकर के बैठे रहे। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, विशेषज्ञों ने आने वाले 10 वर्षों के विजन, खनन क्षेत्रों में सुधार,स्वास्थ्य एवं अधोसरंचना के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर सार्थक चर्चा की।

सुबह उठकर किया योगा

मंत्रियों के दूसरे दिन की पाठशाला सुबह 9.30 बजे योगा क्लास से हुई। इसके बाद सभी ने आईआईएम परिसर का भ्रमण किए। संस्थान के अधिकारियों ने प्रशासनिक भवन में रखी हुई संस्थान की रेप्लिका के माध्यम से निर्माणाधीन संरचनाओं और भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

Patrika, 02 June . 2024,p. 1